भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 10.07.2025

# आरेडिका में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत लगाए गये पौधे

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली में जुलाई माह में महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में अधिकारियों, कर्मचारियों तथा महिलाओं द्वारा अलग–अलग कई स्थानों पर वृक्षारोपण कर सरकार के पर्यावरण संरक्षण के प्रयासों में आरेडिका ने एक जिम्मेदार संस्था होने का संदेश दिया।

आरेडिका के प्रधान वित्त सलाहकार एवं अध्यक्ष आरेडिका खेलकूद संघ, बीएल मीना ने स्पोर्ट ग्राउण्ड में वृक्षारोपण किया। आरपीएफ द्वारा बैरक ग्राउण्ड एवं उसके आसपास के स्थानों में वृक्षारोपण किया गया। अभियांत्रिकी विभाग द्वारा नए बने तालाबो तथा सड़कों के किनारे वृक्षारोपण किया गया।

आरेडिका महिला कल्याण संगठन की सदस्याओं के द्वारा ऑफिसर कॉलोनी में वृक्षारोपण किया।

आरेडिका के प्रधान मुख्य अभियंता सत्य प्रकाश यादव, ने बताया कि पीपल, नीम, आम, जामुन, अमलताश, गुलमोहर, कचनार, पाकड़, करेंज, आदि के 14000 पौधों तथा 1 लाख बीजों का रोपण 15 दिन में किया गया तथा यह अनवरत जुलाई माह में जारी रहेगा तथा कुल 25000 पौधों तथा 2.75 लाख बीजों के रोपण की योजना है।

महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा ने कर्मचारियों एवं सभी यूनियनों के कर्मचारी प्रतिनिधियों को वृक्षारोपण के लिए प्रेरित किया साथ ही कहा कि जो विभाग, यूनियन, अथवा कर्मचारी अपने क्षेत्र में हरियाली का विकास करने में विशेष योगदान देगा उसे स्वतंत्रता दिवस पर पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा।

इस अवसर पर आरेडिका के प्रधान वित्त सलाहकार एवं अध्यक्ष आरेडिका खेलकूद संघ, बीएल मीना, प्रधान मुख्य अभियंता सत्य प्रकाश यादव, प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त रमेश चन्द्र, सहित अन्य अधिकारियों, आरपीएफ के जवानों तथा कर्मचारी ने वृक्षारोपण में सहभागिता की।

10.7.2025

(आर.एन.तिवारी )
मुख्य जन संपर्क अधिकारी